पंजाब केसरी
DELHI
14 फरवरी, 2020 शुक्रवार

एनएमआरसी का बड़ा ऐलान

अब नोएडा मेट्रो में मना सकते हैं जन्मदिन का जश्न

पंजाब केसरी/ नोएडा

लोग अब जन्मदिन की पार्टियों, शादी से पहले होने वाले कार्यक्रमों और इसी तरह के अन्य समारोहों के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो के डिब्बों को बुक कर सकते हैं।

नोएडा मेट्रो रेल निगम (एनएमआरसी) ने बुधवार को यह घोषणा की। निगम ने एक बयान में कहा कि एनएमआरसी ने जन्मदिन पार्टी, शादी से पहले होने वाले कार्यक्रमों और इसी तरह के अन्य समारोहों के लिए एक आकर्षक नीति तैयार की है, जिसका मतलब है कि अब यात्रा के साधन के अलावा नोएडा मेट्रो मनोरंजन और समारोहों के लिए एक सुलभ, आकर्षक और किफायती गंतव्य बन जाएगा। एनएमआरसी के बयान के अनुसार कार्यक्रम में शराब नहीं परोसा जा सकता है और मेहमानों को अन्य मेट्रो यात्रियों की तरह ही मेटल डिटेक्टर से गुजरना होगा।

एनएमआरसी ने कहा कि इच्छुक आवेदक एक ट्रेन में अधिकतम चार डिब्बों के लिए अनुरोध कर सकते हैं और बुकिंग करने के लिए, उन्हें कम से कम 15 दिन पहले एक आवेदन जमा करना होगा, जिसे पहले आओ पहले पाओ के आधार पर माना जाएगा। इसमें कहा गया है कि एनएमआरसी द्वारा बुकिंग की पुष्टि किये जाने के बाद आवेदक को शुल्क जमा करना होगा जो पांच हजार रुपये से लेकर दस हजार रुपये प्रति घंटे प्रति मेट्रो कोच के हिसाब के अलग-अलग होगा। 20,000 रुपये की रिफंडेबल सिक्योरिटी भी जमा करनी होगी और कर बुकिंग पर अतिरिक्त कर भी जमा करना होगा। किसी भी समारोह के लिए वयस्कों और बच्चों समेत अधिकतम 50 लोगों को आने की अनुमति होगी। एनएमआरसी कर्मचारी रखरखाव का ध्यान रखेंगे। बयान में कहा गया है कि आवेदकों को नीति के तहत दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।